# देश के कई राज्यों में बारिश का अलर्ट

**564 सड़कें ठप, कई बसें मलबे में फंसी**

- **झांसी मेडिकल कॉलेज में घुसा 7 फीट का सांप**
- **सहारनपुर में बरसाती नदी उफानी, शाकंभरी देवी मंदिर जाने वाला रास्ता डूबा**

**बिलासपुर/मुंबई/ नई दिल्ली/जौनपुर/ 18 सितंबर. पूरे देश में मानसून एक बार फिर से अपना असर दिखा रहा है. उत्तर भारत से लेकर पश्चिम भारत तक बारिश और उसके कारण पैदा हुई घटनाओं ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है.**

हिमाचल, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में अलग-अलग रूप में मौसम ने लोगों को परेशान किया है. कहीं सड़कों के बंद होने से यातायात ठप है, तो कहीं अचानक आई आपदाओं ने लोगों को दहला दिया है. हिमाचल प्रदेश में मानसून अपने आखिरी चरण में होने के बावजूद लगातार हो रही बारिश और भूस्खलन से हालात बिगड़ गए हैं. राज्य में 564 सड़कें बंद हो गई हैं और बिलासपुर जिले में भूस्खलन के चलते एचआरटीसी की दो बसें मलबे में फंस गईं. हालांकि चालक और परिचालक सुरक्षित बच गए हैं. बसों को निकालने के लिए क्रेन का सहारा लिया जा रहा है. उत्तर प्रदेश में भी मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है. 41 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. राजधानी लखनऊ में सुबह से रिमझिम फुहारें हो रही हैं.



### नेपाल के पहाड़ों पर हुई बारिश का असर

पहाड़ी इलाकों में लगातार बारिश ने सहारनपुर की बरसाती नदी में अचानक उफान ला दिया. शाकंभरी देवी मंदिर जाने वाले रास्ते पर दो से तीन फीट पानी भर गया है. प्रशासन ने श्रद्धालुओं को नदी से दूर रहने की अपील की है. सिद्धार्थनगर में नेपाल के पहाड़ों पर हुई बारिश का असर दिखा और बाणगंगा नदी के डैम का जलस्तर बढ़ने से सभी फाटक खोल दिए गए. जौनपुर में बिजली गिरने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई. वहीं, लखीमपुर खीरी में 15 फीट लंबे अजगर ने कुत्ते को निगल लिया.

> इधर, मुंबई में आईएमडी ने आज के लिए भारी बारिश की कोई चेतावनी जारी नहीं की है. विभाग का अनुमान है कि दिनभर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है, लेकिन पिछले दिनों की तरह तेज बारिश नहीं होगी. शहर में कई दिनों की लगातार बारिश से यातायात और जलभराव की समस्या बढ़ गई थी, इसलिए लोगों को आज कुछ राहत मिलने की उम्मीद है. आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार शहर में ज़्यादातर समय बादल छाये रहेंगे और बीच-बीच में हल्की से मध्यम बारिश होती रहेगी. कुछ स्थानीय शहरों में हालांकि भारी बारिश हो सकती है.

## पायलट की मौजूदगी में कांग्रेस में गुटबाजी

**राजनांदगांव, 18 सितंबर.** कांग्रेस महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट की मौजूदगी में गुरुवार को 'वोट चोर गद्दी छोड़' आंदोलन के तहत यहां आयोजित सभा के दौरान पार्टी में अंदरूनी गुटबाजी खुलकर सामने आ गयी. शहर के प्रमुख मार्गों पर रोड शो करने के बाद पायलट ने यहां जय स्तंभ चौक में आमसभा को संबोधित किया.

सभा के दौरान जैसे ही जोहर की नमाज शुरू हुई पायलट ने अपने भाषण को बीच में रोककर लगभग दो मिनट तक खामोशी साधी. नमाज खत्म होने के बाद उन्होंने अपना संबोधन दोबारा शुरू किया. कांग्रेस की इस आमसभा में भीड़ कम दिखाई दी. पार्टी की ओर से लगाई गई कई कुर्सियां खाली रहीं.

## दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने वाले शूटरों का एनकाउंटर

**लखनऊ 18 सितंबर. उत्तर प्रदेश के बरेली में अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग करने वाले दोनों बदमाश बुधवार को गाजियाबाद में पुलिस मुठभेड़ में मारे गए.**

पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र में इस एनकाउंटर को अंजाम दिया. एसटीएफ के अनुसार मारे गए बदमाशों की पहचान रोहतक निवासी रविंद्र और सोनीपत निवासी अरुण के रूप में हुई है. दोनों पर हत्या, रंगदारी व अन्य गंभीर अपराधों के मामले दर्ज थे और इनके तार हरियाणा के कुख्यात रोहित गोदारा व गोल्डी बराड़ गैंग से जुड़े हुए पाए गए.मौके से पुलिस ने एक ग्लॉक पिस्टल, जिगाना पिस्टल और बड़ी मात्रा में कारतूस बरामद किए हैं. इसके अलावा एक सफेद अपाचे बाइक भी मिली है, जिस पर दोनों आरोपी वारदात को अंजाम देने पहुंचे थे. गौरतलब है कि पिछली 12 सितंबर की सुबह लगभग 3:45 पर बरेली के सिविल लाइंस क्षेत्र में अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर के बाहर बाइक सवार दो अज्ञात हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी. इस दौरान करीब 8 से 10 राउंड गोलियां चलाई गईं. हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ. दिशा के पिता ने इस घटना की जानकारी मुख्यमंत्री को भी दी थी. उन्होंने परिवार को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए पुलिस को जांच कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे.

# यूपी बनेगा औद्योगिक हब : सीएम योगी

- **सभी जिलों में विकसित होंगे सरदार पटेल रोजगार ज़ोन, बनेगा राष्ट्रीय मॉडल**

**लखनऊ, 18 सितम्बर. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच लाख करोड़ से अधिक की निजी निवेश परियोजनाओं के साथ पांचवें ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के आयोजन की तैयारी के निर्देश दिए हैं.**

गुरुवार को औद्योगिक विकास विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के मंत्र के साथ बीते साढ़े आठ वर्षों में अब तक चार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित की जा चुकी है. इसके माध्यम से 15 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं तथा 60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी एवं रोजगार की गारंटी मिली. अब आगामी नवंबर माह में जीबीसी 5 के आयोजन की तैयारी की जाये. मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी विभाग समयबद्ध तरीके से कार्यवाही सुनिश्चित करें और प्रत्येक निवेश प्रस्ताव की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग हो. विभिन्न निजी औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन प्रस्तावों की समीक्षा की.

> मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया सामंजस्य के साथ ही होनी चाहिए. अपनी भूमि के साथ हर किसी का एक भावनात्मक संबंध होता है. यह उसके जीवन भर की पूंजी है. यदि प्रदेश हित में उनकी भूमि का अधिग्रहण आवश्यक है तो उन्हें अच्छा मुआवजा मिलना चाहिए. कहीं से भी उत्पीड़न की शिकायत नहीं आनी चाहिए. संवाद और समन्वय से यह काम बड़ी आसानी से हो सकता है. सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपने क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप भूमि अधिग्रहण के लिए वर्तमान मुआवजे की दर में बढ़ोतरी पर विचार करें. यह समय की मांग है, इसी में किसानों का हित है. निर्यात प्रोत्साहन के प्रयासों को बढ़ाने की जरूरत बताते हुए सीएम ने कहा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना अथॉरिटी में से किसी एक क्षेत्र में फिनटेक हब विकसित किया जाए.



## संक्रमित यात्री के कारण सिडनी हवाई अड्डे पर खसरे का अलर्ट

**सिडनी, 18 सितंबर.** ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य अधिकारियों ने सिडनी हवाई अड्डे पर खसरे का अलर्ट जारी किया है. उन्हें एक ऐसे व्यक्ति की सूचना मिली है जो यात्रा के दौरान संक्रमित हो गया था. पूर्वी तटीय राज्य न्यू साउथ वेल्स के स्वास्थ्य विभाग ने कहा यह संक्रमित व्यक्ति हाल ही में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया से लौटा है, जहाँ खसरे का सक्रिय प्रकोप है और सक्रमित होने के दौरान उसने राज्य के उत्तरी क्षेत्र में कई स्थानों का दौरा किया था. पर्थ से सिडनी जाने वाली उड़ान में सवार यात्रियों और चालक दल के सदस्यों, को लक्षणों के विकास पर नज़र रखने की सलाह दी गई है.

# ड्रग तस्करों को वीजा नहीं देगा अमेरिका

**नई दिल्ली 18 सितम्बर. अमेरिका के साथ टैरिफ को लेकर चली तनातनी से उत्पन्न स्थिति के सामान्य होने से पहले ही अमेरिकी प्रशासन ने कुछ भारतीय कंपनियों के अधिकारियों और उद्योगपतियों के कथित तौर पर फेंटेनाइल प्रीकर्सर की तस्करी में लिप्त होने के कारण उन्हें वीजा देने से इंकार कर दिया है.**

अमेरिका ने कहा है कि यह कार्रवाई ट्रम्प प्रशासन के अमेरिकियों को खतरनाक सिंथेटिक नशीले पदार्थों से सुरक्षित रखने के प्रयासों के तहत की गई है. दूतावास ने कहा है कि यह कार्रवाई आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम की धारा के तहत की गई है और इसके परिणामस्वरूप ये व्यक्ति और उनके परिवार के करीबी सदस्यों को अमेरिका की यात्रा के लिए अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं. दूतावास उन कंपनियों से जुड़े अधिकारियों को भी सूचित कर रहा है जिनके बारे में पता चला है कि उन्होंने फेंटेनाइल प्रीकर्सर की तस्करी की है, और यदि वे अमेरिकी वीजा के लिए आवेदन करते हैं तो उनकी कड़ी जाँच की जाएगी. अमेरिका की यह कार्रवाई 15 सितंबर की राष्ट्रपति घोषणा के बाद की गयी है जिसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत सहित 23 देशों को प्रमुख ड्रग उत्पादक या पारगमन केंद्र के रूप में नामित किया था.

> अमेरिकी दूतावास के प्रभारी जॉर्गन एंड्रयूज़ ने कहा, अमेरिका में नशीली दवाओं के अवैध उत्पादन और तस्करी में शामिल व्यक्तियों, संगठनों और उनके परिवारों सहित सभी को परिणाम भुगतने होंगे. इसमें अमेरिका में प्रवेश से वंचित किया जाना भी शामिल हो सकता है. दूतावास के वक्तव्य में कहा गया है, अमेरिका में फेंटेनाइल और उसके रूपों के प्रवाह को रोकना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है. हम इस साझा चुनौती से निपटने में भारत सरकार के अपने समकक्षों के उनके घनिष्ठ सहयोग के लिए आभारी हैं. केवल साथ मिलकर काम करके ही हमारी दोनों सरकारें इस अंतरराष्ट्रीय खतरे का समाधान कर पाएंगी और अपने लोगों को अवैध दवाओं से सुरक्षित रख पाएंगी. फेंटेनाइल एक सिंथेटिक ड्रग है जो पिछले साल अमेरिका में हज़ारों मौतों का कारण बनी.

## मोटिवेशनल स्पीकर ने की 1 करोड़ की ठगी

**बिलासपुर, 18 सितंबर.** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गुरुवार को बड़ा ठगी का मामला सामने आया है. खुद को मोटिवेशनल स्पीकर बताने वाला हीरानंद भगवानी लोगों को 40 दिन में पैसा डबल करने का झांसा देकर करीब एक करोड़ रुपए लेकर फरार हो गया. आरोपी सेमिनार आयोजित कर निवेश पर अधिक मुनाफा कमाने और मार्केटिंग सिखाने का दावा करता था. पुलिस जांच में सामने आया कि भगवानी ने ठगी की रकम से तिफरा निवासी बोधनी बाई,जो मालिश का काम करती है और इलाके में 'मालिश करने वाली' के नाम से जानी जाती है, के खाते में एक ही रात में 12 लाख रुपए ट्रांसफर किए.

## एक नजर में



### इजरायल बमबारी फिलिस्तीनियों पर भारी

**संयुक्त राष्ट्र, 18 सितंबर.** संयुक्त राष्ट्र (संरा) के मानवीय सहायताकर्ताओं ने बुधवार को कहा कि गाजा शहर में बढ़ती इज़रायली बमबारी और ज़मीनी कार्रवाई फ़िलिस्तीनियों पर लगातार भारी पड़ रही है. संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के हवाले से बताया कि गाजा शहर के रंतिसी चिल्ड्रन हॉस्पिटल पर रात भर कई बार हमला किया गया. इस अस्पताल में 80 मरीज़ थे, जिनमें 12 बच्चे और शिशु गहन चिकित्सा कक्ष में थे. आधे मरीज़ और उनके देखभाल करने वाले सुरक्षा की तलाश में गोलीबारी के बीच भागने को मजबूर हुए. संरा जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने कहा कि गाजा में इज़रायली सैन्य अभियान के कारण महिलाएँ बिना अस्पतालों, डॉक्टरों या साफ़ पानी के सड़कों पर बच्चों को जन्म देने को मजबूर हैं. इसमें कहा गया है कि 23 हजार महिलाएँ बिना देखभाल के रह रही हैं और हर हफ़्ते लगभग 15 बच्चे बिना किसी चिकित्सा सहायता के पैदा हो रहे हैं.

### पीएम मोदी के बचपन पर बनी फिल्म दिखाएंगे



**नई दिल्ली,18 सितम्बर.** शिक्षा मंत्रालय की ओर से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड , केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति से संबद्ध स्कूलों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं. मंत्रालय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बचपन की घटनाओं से प्रेरित फिल्म चलो जीते हैं छात्रों को दिखाई जाए. यह फिल्म स्कूलों में 16 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 के बीच प्रदर्शित की जा सकेगी. शिक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में 11 सितंबर को पत्र जारी कर स्कूलों को निर्देश दिया. पत्र में कहा गया है कि यह फिल्म छात्रों को चरित्र, सेवा और उत्तरदायित्व जैसे विषयों पर चिंतन करने के लिए प्रेरित करेगी. मंत्रालय ने इसे एक केस स्टडी बताते हुए कहा कि यह सामाजिक-भावनात्मक शिक्षा, सहानुभूति, आत्म-चिंतन, आलोचनात्मक सोच और प्रेरणा जैसे गुणों के विकास में सहायक होगी. मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि फिल्म का प्रदर्शन प्रेरणा कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है.

# चुनाव आयोग का काम निष्पक्ष : अनुराग

### आरोप : भारत में नेपाल-बांग्लादेश जैसे हालात पैदा करना चाहते हैं राहुल

**नई दिल्ली, 18 सितम्बर. भाजपा ने कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों को खारिज करते हुए पलटवार किया है.**

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी बार-बार संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम कर रहा है, लेकिन राहुल गांधी नागरिकों को गुमराह कर नेपाल और बांग्लादेश जैसे हालात पैदा करने में व्यस्त हैं. ठाकुर ने आरोप लगाया कि घुसपैठियों की राजनीति ही राहुल



गांधी का एकमात्र एजेंडा है और अगर कांग्रेस को इसका अवसर मिला तो अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी वर्ग के हित सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे. ठाकुर ने राहुल गांधी को चुनौती दी कि अगर उनके आरोपों में दम है तो वे अदालत जाएं.

> **चुनाव आयोग का बचाव**
>
> राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे वोट चोरों और लोकतंत्र को नष्ट करने वालों को बचा रहे हैं. गांधी ने कर्नाटक विस क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देकर दावा किया कि कांग्रेस समर्थकों के वोट व्यवस्थित तरीके से हटाए जा रहे हैं. उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग इसे रोके और कर्नाटक सीआईडी द्वारा मांगी गई.

# ट्रंप से मेरा कोई रिश्ता नहीं, वह कोई सम्राट नहीं हैं : सिल्वा

### ब्राजील के राष्ट्रपति का टैरिफ विवाद पर कड़ा रुख

**ब्राजील/वॉशिंगटन, 18 सितम्बर. ब्राजील के राष्ट्रपति लुई इनाशियो लुला डा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ तीखी नाराजगी जताई है.**

सिल्वा ने साफ कहा कि उनका ट्रंप से कोई रिश्ता नहीं है और अमेरिका द्वारा ब्राजील पर लगाए गए भारी टैरिफ राजनीतिक दुश्मनी का परिणाम है. ब्राजील और भारत दुनिया के केवल दो देश हैं, जिन्हें अमेरिका की ओर से 50 प्रतिशत तक के अतिरिक्त टैरिफ का सामना करना पड़ रहा है. सिल्वा ने चेतावनी दी कि इस फैसले का खामियाजा अमेरिकी जनता को भुगतना



पड़ेगा.उन्होंने कहा कि कॉफी और मांस जैसे ब्राजीली उत्पादों के लिए अमेरिकी उपभोक्ताओं को ज्यादा कीमत चुकानी होगी. राष्ट्रपति ट्रंप ब्राजील के साथ जो गलती कर रहे हैं, उसका भुगतान अमेरिका के लोग करेंगे, उन्होंने बीबीसी से बातचीत में कहा.

### रिश्तों पर तल्ख टिप्पणी

जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने ट्रंप से संपर्क करने की कोशिश की, तो सिल्वा ने कहा कि उन्होंने कभी कॉल नहीं किया क्योंकि ट्रंप प्रशासन बात ही नहीं करना चाहता था. सिल्वा ने यह भी कहा कि टैरिफ लगाने की जानकारी उन्हें अखबारों और ट्रंप के सोशल मीडिया पोस्ट से मिली, जो कि रिश्तों को संभालने का सही तरीका नहीं है. उन्होंने साफ कहा, मेरे ट्रंप से संबंध नहीं हैं. उनके संबंध बोलसोनारो से हैं, ब्राजील से नहीं. ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति हो सकते हैं, लेकिन दुनिया के सम्राट नहीं हैं.


### इस्तहार प्रकाशन/नोटिस

1.श्रीमती शिवकली पत्नी स्व. त्रिवेणई प्रसाद पाण्डेय नि. खुटहा तह. अमरपाटन जिला मैहर म.प्र.
2.दीपक तनय स्व. त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय नि. खुटहा तह. अमरपाटन जिला मैहर म.प्र. मो.न.9713750363.
3. श्रीमती श्रद्धांजली पुत्री स्व. त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय नि. खुटहा तह. अमरपाटन जिला मैहर म.प्र.
4. गौरव तनय स्व. त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय नि. खुटहा तह. अमरपाटन जिला मैहर, म.प्र.
5. श्रीमती संगीता पत्नी वेदप्रकाश पुत्री त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय सा. गंजपुर बंधवा उ.प्र. हा.नि. खुटहा तह. अमरपाटन जिला मैहर म.प्र.
6.अशोक कुमार स्व. त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय नि. खुटहा तह. अमरपाटन जिला मैहर, म.प्र.

आप सभी नोटिसान को अपने पक्षकार डा. सुरेन्द्र सिंह तनय महेन्द्र सिंह नि. झिन्ना तह. अमरपाटन की ओर से उक्त नोटिस/इस्तहार प्रकाशित करायी जा रही है कि आप स भी त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय के वारिस है और आ.नं.134/1/1/1.135/1.136/1 कुल रकवा 0.995 हे. के दर्ज रिकार्ड स्वामी है. आप नोटिसान ने हमारे पक्षकार से उक्त भूमि विक्रय का सौदा 18 लाख रुपये प्रति एकड़ की दर से करते हुए दिनांक 23.12.2024 को अनुबंध पत्र निष्पादित व प्रमाणीकृत कराते हुए उक्त के संबंध में अब तक कुल 7.50.000 रु. नगद व चेक के माध्यम से प्राप्त कर लिया है, लेकिन तय शर्त अनुरूप सीमांकन व पथरगड्डी नहीं करायी है. अनुबंध अनुरूप विक्रय निष्पादन की समय सीमा 22.09.25 तक है. हमारे पक्षकार के पास बकाया कुल विक्रय राशि व विक्री रजिस्ट्री में लगने वाले खर्च की व्यवस्था है, इसलिए सीमांकन व पथरगड्डी कराते हुए मौके पर उपलब्ध रकवा अनुरूप कुल कीमत की गणना कराते हुए बकाया विक्रय राशि प्राप्त कर दिनांक 22.09.25 के पूर्व विक्रय पत्र की रजिस्ट्री हमारे पक्षकार के हक में करा देवे. हमारा पक्षकार पहले भी बकाया विक्रय राशि भुगतान कर खर्च वहन करने को तैयार रहा है और आज भी तैयार है तथा आइन्दा भी तैयार रहेगा. जिसके संबंध में दिनांक 18.08.25 की नोटिस भी भेजे जाने पर आप लोगों ने लेने से इंकार कर दिया. समय सीमा व्यतीत होने पर आपके विरुद्ध समुचित नालिश पेश होगी.

दिनांक-18.09.2025

जरिये अधिवक्ता
राजेश श्रीवास्तव एड. मैहर


# वनस्थली विद्यापीठ में द्वि-दिवसीय फोरेंसिक कॉन्क्लेव का समापन

**जयपुर, 18 सितम्बर. अंतिम दिन की शुरुआत उत्तर प्रदेश के पूर्व निदेशक डॉ. हर्ष शर्मा के व्याख्यान से हुई, जिसमें उन्होंने फोरेंसिक बैलिस्टिक व फायर आर्म आइडेंटिफिकेशन के कई पहलुओं पर प्रकाश डाला.**

एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर के प्रो. अनुपम जौहरी ने उत्खनन पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया. उन्होंने वनस्थली विद्यापीठ में महिला शिक्षा के नेक कार्य की सराहना की. प्रख्यात विशेषज्ञों ने अपराध स्थल की जाँच से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपने विचार साझा किए. विद्वान वक्ताओं ने उत्खनन से संबंधित वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से छात्रों, विद्वानों और शिक्षाविदों के साथ सक्रिय संवाद किया, जिससे सत्र अत्यंत रोचक और सहभागितापूर्ण बन गया. समापन समारोह में पोस्टर प्रतियोगिता, अपराध स्थल जाँच, फोरेंसिक मॉडल और फोरेंसिक साक्ष्य प्रस्तुति के विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विधि अध्ययन विभाग की डीन प्रो. हर्ष पुरोहित, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के डीन प्रो. बी.आर. नटराजन, प्रो. दीपज्योति चक्रवर्ती, डॉ. हर्ष शर्मा और प्रो. अनुपम जौहरी द्वारा पुरस्कृत किया गया.इस संगोष्ठी के माध्यम से प्रतिभागियों को यह प्रेरणा मिली कि फोरेंसिक विज्ञान और कानून के समन्वय से न्याय प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है.


### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कृष्णपाल तिवारी पिता उमेश कुमार तिवारी उम्र-39 वर्ष पेशा-खेती निवासी ग्राम-सहुआर तहसील-देवसर जिला-सिंगरौली (म.प्र.)का बहल्फ कथन करता हूं कि:- यह कि मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे पुत्र अंश कुमार तिवारी के आधार कार्ड (आधार नं.-6747 1394 3227) में विश्व तिवारी सहवन त्रुटिवस नाम अंकित हो गया है जो कि गलत है तथा सही नाम जन्म प्रमाण में अंश कुमार तिवारी है जो कि सही एवं सत्य है। यह कि मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे पुत्र अंश कुमार तिवारी का नाम जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर सही किया जाना आवश्यक एवं न्यायोचित है।

शपथकर्ता



## कार्यालय नगरपालिका परिषद् मैहर, जिला-मैहर (म.प्र.)

phone(07674) 232054, Fax-(7674) 234288, e-mail-cmomeher@mpurban.gov.in

क्र/936/ई-निविदा/2025 | मैहर, दिनांक 17.09.2025

### निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत फर्म/ठेकेदार जो निविदा मानदण्ड को पूरा करते हो, से आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है.

| क्र | टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा फार्म का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 452679 | वार्ड क्र. 06 में बाबा अलाउद्दीन खान जी की कांस्य प्रतिमा की आपूर्ति और स्थापना | 12,70,000.00 | 9,600.00 | 2.000.00 | केन्द्रीयकृत पंजीयन | कार्यादेश से 03 माह |

नोटः-
1. इच्छुक पंजीकृत फर्म/ठेकेदार द्वरा निविदा आमंत्रण सूचना बेवसाइड www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है.
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 18/9/25 समय 10.30 बजे से दिनांक 17/10/25 को समय 17.30 बजे तक आन लाइन प्राप्त कर सकते हैं.

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद मैहर
जिला-मैहर (म.प्र.)



## कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

N.I.T. क्र.22 (E.T.) / निर्माण/न.पा.नि./2025-26 | सतना दिनांक 17.09.2025

### निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम सतना द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्र. व जारी दिनांक | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | वार्ड क्र | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 22 17.09.2025 | 2025_UAD _451158_1 | डामरीकरण कार्य विभिन्न स्थानों में | 01to 04,26,28,29, 31, 32, 33 & 34 | 3,10,05,100/- | 3,10,100/- | 15,000/- | 05 माह |

शर्तें:- 1 निविदा प्रपत्र बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 18.09.2025 समय 10.30 से दिनांक 17.10.2025 समय 17.30 बजे तक आनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा।
2. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाइन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)


**चुनावी फंडा** | बिहार विभानसभा चुनाव से पूर्व किया ऐलान

# बेरोजगारों को प्रति माह 1000 रुपए देगी नीतीश सरकार

**पटना, 18 सितंबर. बिहार सरकार ने 20-25 आयु वर्ग के स्नातक उत्तीर्ण बेरोजगार युवक-युवतियां को 1000 रूपए प्रतिमाह की दर से अधिकतम दो वर्षों तक मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता भुगतान करने का निर्णय लिया है.**

बिहार विभानसभा चुनाव से पूर्व नीतीश कुमार की सरकार ने बेरोजगार युवक-युवतियों को लेकर बड़ा ऐलान किया है. 20-25 आयु वर्ग के वैसे स्नातक उत्तीर्ण युवक,युवतियां जो किसी रोजगार में नहीं हैं उन्हें प्रति माह एक हजार रुपए का भत्ता दिया जाएगा. मुख्यमंत्री नीतिश ने एक्स पर पोस्ट से ऐलान कर लिखा कि नवम्बर 2005 में नई सरकार बनने के बाद से ही अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देना तथा उन्हें सशक्त और सक्षम बनाना हमलोगों की प्राथमिकता रही है. आप अवगत हैं कि अगले पांच साल में एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है.



> **नीतीश ने किया धार्मिक न्यास समागम का उद्घाटन**
>
> बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से आयोजित धार्मिक न्यास समागम का उद्घाटन किया. बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से यहां आयोजित धार्मिक न्यास समागम के अवसर पर उपस्थित बड़ी संख्या में साधु-संतों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री कुमार का स्वागत किया. इस अवसर मुख्यमंत्री ने भी साधु-संतों एवं गणमान्य व्यक्तिों का अभिवादन किया. मुख्यमंत्री नीतीश को बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा हरित पौधा एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया. इस कार्यक्रम में दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डे, पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरी सहनी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल आदि उपस्थित थे.